नर्मदा महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने केरल में लहराया जीत का परचम

नर्मदापुरम। सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय के बालक एवं बालिका वर्ग से खिलाड़ियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया, इन चारों खिलाड़ी ने केरल में मध्य प्रदेश टीम की तरफ से तीसरा स्थान

प्राप्त किया यह खिलाड़ी पिछले तीन वर्षों से नर्मदा कॉलेज के प्रांगण में खेल प्रशिक्षक स्नेहा दुबे द्वारा थ्रोबॉल का अभ्यास कर रहे थे, इन खिलाड़ियों का नर्मदा महाविद्यालय में आदरणीय प्राचार्य महोदय डॉ. राम कुमार चौकसे के द्वारा स्वागत एक अभिनंदन किया गया एवं खेल प्रभारी डॉक्टर महेश मानकर ने सभी खिलाड़ियों का उत्सवर्धन किया इन खिलाड़ियों का खेल की भावना बनाए रखने के लिए महाविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार पांडे एवं खेल संयोजक डॉ संजय चौधरी और कई प्रोफेसर शामिल हुए।

एक नजर में

केरल में लहराया जीत का परचम, जीता कांस्य पदक

विजेता खिलाड़ियों का महाविद्यालय परिवार ने उत्साहवर्धन किया।

नर्मदापुरम : केरल में आयोजित 47वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस आफ नर्मदा महाविद्यालय के बालक एवं बालिका वर्ग से खिलाडियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इन चारों खिलाडियों ने केरल में मध्यप्रदेश टीम की ओर से तीसरा स्थान प्राप्त किया। खेल प्रशिक्षक स्नेहा दुबे ने बताया कि ये खिलाड़ी पिछले तीन वर्षों से नर्मदा कालेज के प्रांगण में थ्रोबाल का अभ्यास कर रहे थे। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. रामकुमार चौकसे, खेल प्रभारी डा. महेश मानकर, डा. नरेंद्र कुमार पांडे, खेल संयोजक डा. संजय चौधरी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। -नाप्र